गोल्फ : प्रणवी-अवनि संयुक्त पांचवें स्थान पर

गुरुग्राम। एशियाई खेलों की स्वर्ण विजेता प्रणवी उर्स और हमवतन अवनि प्रशांत एक अंडर 70 के स्कोर के साथ महिला इंडियन ओपन गोल्फ के पहले दिन गुरुवार को संयुक्त पांचवें स्थान पर हैं। अवनि ने चोटिल होने के बाद शानदार वापसी की। स्विट्जरलैंड की चियारा टैम्बुरलिनी ने पांच अंडर 67 के स्कोर के साथ बढ़त बनाई। गत चैंपियन सिंगापुर की शैनन टैन और अर्जेंटीना की मैग्डेलेना सिमरमैकर चार अंडर 68 के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं। अंधेरा होने के कारण शाम को खेल रोकना पड़ा।